आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 18.01.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने पिछले महीने उड़ानों में देरी और रद्द करने के आरोप में इंडिगो एयरलाइंस पर 22 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने जेईई (मेन) 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए।
- मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'ध्वज वंदन समारोह' में शिरकत की। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और मानसखंड के मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं।

श्री धामी ने कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण के उद्देश्य से सरकार अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है और राज्य में अब तक दस हजार एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में कुंभ मेले का आयोजन होना है, जिसको दिव्य और भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

नागर विमानन महानिदेशालय

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो पर 22 करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना पिछले वर्ष दिसंबर में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानों में देरी और उन्हें रद्द करने के मामले में लगाया गया है। 3 से 5 दिसंबर के बीच दो हजार पांच सौ सात उड़ानें रद्द होने और एक हजार आठ सौ 52 उड़ानों में देरी होने के कारण विभिन्न हवाई अड्डों पर तीन लाख से अधिक यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। इंडिगो के परिचालन में व्यवधान के कारणों की व्यापक समीक्षा और मूल्यांकन करने के लिए महानिदेशालय द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद यह जुर्माना लगाया गया है।

देहरादून

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद बच्चों की जान को जोखिम में डाल रहे जर्जर स्कूल भवनों पर देहरादून जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। एक झटके में 76 से अधिक जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी सविन बंसल की सख्ती के बाद महज 10 दिनों में 100 स्कूल भवनों की रिपोर्ट सामने आई। रिपोर्ट के अनुसार जिले में 79 विद्यालयों के भवन पूरी तरह निष्प्रोज्य पाए गए हैं, जिनमें 13 माध्यमिक और 66 प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि 1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है और लोक निर्माण विभाग को ध्वस्तीकरण के एस्टिमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। 63 स्कूलों में बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित कर दी गई है, जबकि शेष के लिए तत्काल इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने साफ कहा है कि नौनिहालों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जर्जर भवनों में किसी भी सूरत में पढ़ाई नहीं कराई जाएगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई (मेन) 2026 के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। बी.ई. या बी.टेक के पेपर–1 में 21 से 24 जनवरी के बीच परीक्षा देने वाले परिक्षार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट रममउंपद.दजं.दपब.पद पर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी पहली, पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 3 तीन बजे से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। एनटीए ने उम्मीदवारों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रवेश पत्र पर मौजूद क्यूआर कोड और बारकोड स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हों। उम्मीदवारों को पहचान सत्यापन के लिए एक वैध फोटो पहचान पत्र भी साथ लाना अनिवार्य होगा। एनटीए ने बताया कि 28 और 29 जनवरी को होने वाली बी.ई./बी.टेक के पेपर–1, बी.आर्क के पेपर 2ए और बी.प्लानिंग के पेपर 2बी की परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। एमडीडीए की टीम ने देहरादून के पुरूकुल क्षेत्र, मसूरी रोपवे प्रोजेक्ट के आसपास 40 से 50 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बिना अनुमति बनाई गई सड़कों, भूखंडों का चिन्हांकन और अन्य अवैध संरचनाओं को तोड़ा गया। यह निर्माण मास्टर प्लान और प्राधिकरण नियमों का उल्लंघन पाए गए। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने साफ कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। एमडीडीए ने आम जनता से अपील की है कि प्लॉट खरीदने से पहले वैधता की जांच जरूर करें।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने देहरादून स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट और कैथ लैब की स्थापना का महत्वपूर्ण आग्रह किया है। नई दिल्ली में विधानसभा अध्यक्ष ने देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्रालय के सैन्य कार्य विभाग के सचिव से शिष्टाचार भेंट कर इस संबंध में विस्तृत पत्र सौंपा। ऋतु खण्डूडी भूषण ने बताया कि वर्तमान में हृदय रोग से पीड़ित सैनिकों और पूर्व सैनिकों को करीब 298 किलोमीटर दूर बरेली रेफर किया जाता है, जो आपात स्थिति में गंभीर जोखिम पैदा करता है।

उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में हर साल 750 से अधिक पूर्व सैनिकों और आश्रितों को कार्डियक इलाज के लिए बाहर भेजना पड़ा, जिससे समस्या की गंभीरता साफ झलकती है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने इस विषय को गंभीरता और सकारात्मक दृष्टिकोण से लेते हुए उचित विचार का आश्वासन दिया।

चमोली

चमोली के गोपेश्वर में 6 दिवसीय सांसद चैंपियनशिप ट्रॉफी का राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री भट्ट ने कहा कि प्रदेश के सीमांत जिलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आज यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी धीरेन्द्र नाथ दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद चैंपियनशिप में पहले न्याय पंचायत स्तर, फिर विधानसभा स्तर तक खिलाड़ी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि जो विधानसभा टीम सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विजेता बनेगी, उसे दो लाख रुपये की नकद धनराशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

यातायात व्यवस्था

देहरादून में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आरटीओ प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा डॉ. अनीता चमोला ने परेड ग्राउंड, तिब्बती मार्केट और लैन्सडाउन चौक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से खड़ी 5 बसों को सीज कर रेंजर्स ग्राउंड भेजा गया। वाहन स्वामियों और यूनियन प्रतिनिधियों को बुलाकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए और भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी गई। नो–पार्किंग जोन से सवारी भर रहे एक वाहन को सीज किया गया, जबकि मौके से भागने की कोशिश करने पर चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। नो–पार्किंग में खड़े 8 वाहनों के चालान भी किए गए। आरटीओ ने बताया कि नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी।